लापरवाही | स्टैंड कर्मी संभाल रहे मोर्चा, किसी भी दिन हो सकती हैं दुर्घटना

जिला एवं सत्र न्यायालय के गेट से पुलिस कर्मी गायब

जबलपुर, नवभारत। जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर में इन दिनों सुरक्षा व्यवस्था बिल्कुल ढीली पड़ चुकी है। दिनभर यहां आने जाने वाले सिस्टम की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इन सब के पीछे का कारण यहां तैनात पुलिस कर्मी है। जो जिला न्यायालय के मुख्य द्वारों से अक्सर गायब रहते है। जिसका फायदा उठाकर पेशियों एवं सजा काट रहे अपराधियों से मिलने आने वाले परिजन खूब उठा रहे है। ये लोग बेखौफ बिना सुरक्षा चेकिंग के परिसर में दाखिल हो रहे है। जो किसी दिन बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए काफी होगा।

न्यायालय परिसर का हाल

जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर के मुख्य द्वारों का नवभारत द्वारा सर्वे किया गया। यह सर्वे विगत कुछ दिनों पहले किया गया था। जिसमें सामने आया कि न्यायालय के प्रवेश द्वार पर पुलिसकर्मी तो तैनात थे, लेकिन बस औपचारिकता निभा रहे थे। न्यायालय में आने-जाने वालों की न तो चेकिंग हो रही है और न ही इन पर निगाह रखी जा रही थी। वहीं गेट नंबर दो और तीन से सुरक्षा कर्मी गायब थे। ऐसे में कभी भी यहां अपराधी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। गौरतलब है कि 16 मार्च 2026 को जिला न्यायालय परिसर में बदमाशों द्वारा बम फोड़ दिया गया था हद तो तब हो गई जब बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद वहां से फरार होने में भी कामयाब हो गए थे। इस के बाद परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े हुए थे। जिसके बाद हरकत मे आए पुलिस अधिकारियों ने जिला न्यायालय में अतिरिक्त पुलिसकर्मी भी तैनात किए थे। हर आने-जाने वाले की चेकिंग भी शुरुआत के कुछ दिनों तक होती रही। इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था फिर से ताक पर रख दी गई।

कुर्सी से गायब सुरक्षा कर्मी

मोर्चा संभालते स्टैंड कर्मी

प्रवेश के लिए चार गेट

जिला न्यायालय में प्रवेश के लिए चार द्वार हैं। जिसमें से पहला द्वार प्रधान जिला न्यायाधीश और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए तय है। तो वही बाकी तीन द्वार आमजनों के आने जान के लिए निर्धारित किए गए है। इनमें से पहले द्वार पर पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं, लेकिन बाकी द्वार पर स्टैंड कर्मी मोर्चा संभालते हैं। पहले द्वार से वकील एवं जज के वाहन ही सामान्यत: प्रवेश करते इसलिए यहां पुलिस कर्मी मौजूद रहते हैं। लेकिन अन्य द्वारों पर पुलिस न होने की वजह से यहां से अपराधियों के घुसने की आशंका रहती है। इसके अलावा जहां पुलिसकर्मी तैनात हैं वहां से भी अपराधियों के प्रवेश करने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

प्रत्येक व्यक्ति से होनी थी पूछताछ

इस आदेश के तहत ये तय किया गया कि जिला अदालत में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति से पूछताछ की जाएगी। इसके बाद ही आवश्यक होने पर प्रवेश दिया जाएगा। जिसमें बाद पक्षकार के नाम पर असमाजिक तत्व फिर अदालत में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। वही वकील से मिलने के लिए भी आवश्यक रूप से जानकारी गेट पर ही बतानी होगी लेकिन अफसोस यह आदेश कभी धरातल पर नहीं उतर सका।

इनका कहना है

जिला एवं सत्र न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था पर आए दिन सवाल खड़े होते हैं। पूर्व में भी कई घटनाएं घट चुकी है। यहां पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी कभी नहीं रहती है।

अधिवक्ता मनीष मिश्रा
अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ, जबलपुर

पुलिस विभाग की प्राथमिकता हमेशा से ही उच्च न्यायालय और जिला एवं सत्र न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था को टाइट बनाए रखने की है। परिसर में पुलिस बल की मौजूदगी रहती है।

संपत उपाध्याय
पुलिस अधीक्षक, जबलपुर

2,767 किसानों से 1.23 लाख क्विंटल की खरीदी

सिहोरा सबसे आगे, पाटन दूसरे स्थान पर

नवभारत, जबलपुर। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया के तहत जिले में अब तक 2,767 किसानों से 1,23,647 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। जिले में कुल 60 खरीदी केंद्रों के माध्यम से उपार्जन कार्य जारी है। इस वर्ष 50,788 किसानों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 18,553 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई जा चुकी है।

प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक सीमा बौरसिया के अनुसार उपार्जन में सिहोरा तहसील 31,873.5 क्विंटल गेहूं के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद पाटन (28,668.9 क्विंटल), जबलपुर (17,531 क्विंटल), मझौली (16,249 क्विंटल), तथा पनागर (12,772 क्विंटल) का स्थान है। अन्य तहसीलों में शहपुरा में 9,752.5 क्विंटल, आधारताल में 4,048 क्विंटल और कुंडम में 2,355 क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई है। तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक 781 किसानों से सिहोरा में उपार्जन हुआ है। इसके बाद पाटन में 609, मझौली में 376, जबलपुर में 352, पनागर में 292, शहपुरा में 184, आधारताल में 101 और कुंडम में 64 किसानों ने गेहूँ विक्रय किया है।

स्लॉट बुकिंग क्षमता भी बढ़ी

उपार्जन में स्लॉट बुकिंग क्षमता को भी 1,000 क्विंटल से बढ़ाकर 2,250 क्विंटल प्रतिदिन प्रति केंद्र कर दिया गया है। स्लॉट बुकिंग में भी सिहोरा (5,466 किसान) सबसे आगे है, इसके बाद मझौली (3,702), पाटन (3,176), पनागर (2,763), जबलपुर (1,621), शहपुरा (839), कुंडम (595), आधारताल (215), गोरखपुर (115) और राँझी (61) का स्थान है। जिले में खरीदी केंद्रों का विस्तार करते हुए पाटन में 13, सिहोरा में 11, मझौली में 10, जबलपुर में 9, पनागर व शहपुरा में 6-6, कुंडम में 2 तथा आधारताल, गोरखपुर और राँझी में एक-एक केंद्र स्थापित किए गए हैं।

तहसील स्तर पर किसान संघों की बैठकें

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हालिया निर्णयों की जानकारी देने और उपार्जन व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर तहसील स्तर पर किसान संघों की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में किसानों की समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। इसी क्रम में सिहोरा, शहपुरा और पाटन तहसीलों में किसान संघों की बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें समिति प्रबंधक, खरीदी केंद्र प्रभारी, कंप्यूटर ऑपरेटर और नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

दिनदहाड़े टूटा सूने घर का ताला, जेवर, नकदी ले गए चोर

जबलपुर । पनागर थाना अंतर्गत पोनिया में चोरों ने दिनदहाड़े एक सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, नगदी पार कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है ।

पुलिस के मतुताबिक बालगोविन्द काछी 44 वर्ष निवासी पोनिया पनागर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि दोपहर करीब 2.30 बजे घर मे ताला लगाकर अपनी पत्नी के साथ पनागर बाजार आया था। जब बाजार से वापस घर आया गेट खोलकर अंदर गया तो देखा तो दरवाजे में लगा ताला टूटा था घर के अंदर गये देखे तो घर के अंदर कमरे में रखी आलमारी खुली एवं सामान बिखरा हुआ था आलमारी में रखे सोने के 2 हार, एक मोहनमाला जिसमें कालीपोत वाली गुरिया लगी है, झुमकी एक जोडी, कंगन लाख पट्टी वाले 04, चांदी कस एक कमरबंद, पायल 1 जोडी, तथा नगदी रूपये 35,000 करीब नहीं मिले है अज्ञात चोर चोरी कर ले गये है।

शादी में गई महिला के जेवर पार

अधारताल थाने में सुधा बागरी 50 वर्ष निवासी निर्भय नगर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह शादी में खमरिया गयी थी घर पर नाति प्रभात था एवं राम विश्वास को वह घर में सोने के लिये बोल गयी थी। जब घर लौट कर आयी तब नाति प्रभात एवं राम विश्वास ने बताया कि शेखर अहिरवार घर में आकर खाना बनाया था, उसने अपनी बेटी की चाबी ढूंढी हो उस जगह पर नहीं मिली जहॉ उसने रखी थी। चाबी दूसरी जगह पर रखी मिली जब उसने ताला खोलकर देखा तो सोने का हार, माला, मंगलसूत्र, झुमके व चांदी का कट्डोरा, अन्य जेवरात गायब थे।

गोदाम से 90 हजार ले गए चोर

माढ़ोताल थाना अंतर्गत शंकर नगर कटंगी रोड पर स्थित गोदाम का अज्ञात चोर ताला तोड़कर 90 हजार रूपए चुराकर ले गया । पुलिस के मुताबिक रमेश साहू 41 वर्ष निवासी. व्हीकल स्टेट मढई मस्जिद के पास थाना रांझी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि आकाश नमकीन का डिस्ट्रीब्यूशन का गोदाम कटंगी रोड शंकर नगर में है जिसमें में वह मैनेजर के रूप में कार्य करता है। बीती रात 8 बजे करीब उसने गोदाम की शटर में ताला बंद कर दिया। अपने घर के लिये निकल गया फिर दूसरे सुबह 10.30 बजे गोदाम पहुँचा देखा कि सटर का ताला नहीं था और सटर आधी खुली थी अंदर आकर देखा तो गोदाम का ड्रॉज खुला था उसमे रखा नगदी करीब 90 हजार रुपये नही था। शटर का ताला तोड़ कर गोदाम में घुस कर चोर नगदी रुपये चोरी कर ले गया है।

गेहूं विक्रय से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया

एसडीएम की आपात बैठक में भारतीय किसान संगठन ने रखी मांगें

नवभारत, जबलपुर। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम अभिषेक सिंह द्वारा एक आपातकालीन बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई किसान संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही। बैठक में भारतीय किसान संगठन के जिला अध्यक्ष रामराज पटेल और जिला उपाध्यक्ष डॉ. संतोष पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में किसानों ने खरीदी केंद्रों की पारदर्शिता, ई-उपार्जन प्रक्रिया में आ रही कठिनाइयों तथा गेहूं विक्रय से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। संगठन ने बताया कि किसानों को स्लॉट बुकिंग के लिए रातभर जागना पड़ता है, इसके बावजूद पंजीयन में दिक्कतें आ रही हैं, जिससे ठंड के मौसम में किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मांग रखी कि खरीदी केंद्रों पर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, ओटीपी आधारित सत्यापन प्रणाली को सरल बनाया जाए, हर उपार्जन केंद्र पर अधिकारियों का नियमित निरीक्षण हो, वेयरहाउस की कमियों को शीघ्र दूर किया जाए,

समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए और किसी भी किसान का माल अनुचित रूप से रिजेक्ट न किया जाए। एसडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए और उपार्जन प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए। बैठक में आश्वासन दिया गया कि प्रशासन और सभी संगठन मिलकर किसानों के हित में कार्य करेंगे।

थाने में बदमाश ने दर्ज नहीं कराई हाजरी

दण्डाधिकारी के आदेश का उल्लंघन, प्रकरण दर्ज

जबलपुर । अधारताल थाने में निगरानी बदमाश ने थाने में हाजरी दर्ज न कराते हुए जिला दण्डाधिकारी के आदेश का उल्लंघन किया । जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक आकाश रैकवार 26 वर्ष निवासी खेरमाई मंदिर के पास अधारताल का एक अपराधिक प्रवृत्ति का युवक है जिसके खिलाफ कई अपराध दर्ज होकर न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने जिला बदर का प्रकरण तैयार कर जिला दण्डाधिकारी को प्रेषित किया गया था जिससे सहमत होते हुये जिला दण्डाधिकारी जबलपुर द्वारा 2 फरवरी 2026 को आकाश रैकवार को प्रत्येक माह की 5, 15, 25 तारीख को 4 माह तक थाने मे हाजरी दर्ज कराने आदेशित किया गया था उक्त आदेश की तामीली करा दी गयी थी जिसने 15 अप्रैल को अपनी हाजरी दर्ज करवायी थी, किंतु 25 अप्रैल को थाना आकर उपस्थिति दर्ज नहीं कराया न ही कोई सूचना दी गयीं । आकाश रैकवार द्वारा आदेश का उल्लंघन करना पाये जाने पर प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया ।

पता पूछ युवक से लूट

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत कृषि नगर में लुटेरे ने एक युवक से पता पूछा और झपट्टा मारकर उसका मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है । पुलिस के मुताबिक रविवार को अभय पटेल 19 वर्ष निवासी नेता कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि सुबह 8 बजे बडे पापा के घर सुभाष नगर से पैदल अपने घर आ रहा था सीएम राईज स्कूल के बाजू से कृषिनगर रोड अधारताल पहुंचा, तभी एक व्यक्ति एक्सिस स्कूटी से उसके पास आया एवं उससे किसी का पता पूछते हुये अचानक उसके हाथ से मोबाईल झपट्टा मारकर छीन लिया एवं तेजी से भाग गया।

वृद्ध महाराज हत्याकांड : संदेहियों से पूछताछ, कातिल का सुराग नहीं

जबलपुर । बरगी थाना अंतर्गत बरगी नगर स्थित निमार्णाधीन मंदिर के पास स्थित कुटिया में शनिवार सुबह वृद्ध महाराज की नृशंस हत्या करने वाले कातिल का पुलिस अब तक सुराग नहीं जुटा पाई है । संदेहियों से जरूर पूछताछ की जा रही है। हालांकि अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाने क्राइम ब्रांच के साथ थाना पुलिस लगी हुई है । हर एंगल पर तफ्तीश चल रही है । पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होगा ।

विदित हो कि मनकेडी चौकी बरगी नगर स्थित पुलघाट में मां नर्मदा का मंदिर बन रहा है। पास में बनी कुटिया में मूलत: घंसौर जिला सिवनी में रहने वाले महाराज तारचंद कुशवाह उर्फ तारापुरी महाराज 67 वर्ष रहते थे जो मंदिर का निमार्ण करा रहे है। साथ ही मंदिर की देखरेख के साथ सेवा करते थे। जिनकी शनिवार सुबह धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई थी । हत्या का पता उस वक्त चला जब निमार्णाधीन मंदिर का सुपरवाईजर सुशील शनिवार सुबह 10 बजे तारा पुरी महाराज के लिये भोजन लेकर उनकी कुटिया में पहुंचा था। वे जब अंदर गया तो महाराज बिस्तर पर मृत दिखे, टीव्हीएस गाडी भी गिरी पडी दिखी है। कमरे में खून अधिक फैला था महाराज के सिर, पीठ, कंधे व शरीर पर गहरे घाव थे, चारो तरफ खून के छींटे थे। बरगी थाना प्रभारी नीलेश दोहर ने बताया कि पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर पतासाजी कर रही है । हत्या किसने और किन कारणों से की है इसका पता लगाया

जा रहा है पुलिस हर एंगल पर जांच कर रही है संदेहियों से पूछताछ की जा रही है ।

सहकर्मी की हत्या करने वाला युवक गया जेल

पनागर थाना अंतर्गत इमलई स्थित जुपिटर वैगन्स फैक्ट्री के भीतर हुए विवाद के बाद सहकर्मी की चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिसे रविवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है । टीआई विपिन बिहारी सिंह के अनुसार 23 अप्रैल की रात करीब 10 बजे इमलई स्थित जुपिटर वैगन्स फैक्ट्री में तैनात गार्ड धीरज यादव को वाकी-टॉकी पर एडम ब्लॉक में एम्बुलेंस भेजने की सूचना मिली थी। जब गार्ड मौके पर पहुँचा, तो वहाँ सोमनाथ चिटी निवासी पश्चिम बंगाल लहूलुहान हालत में मिला था। पता चला कि सोमनाथ का विवाद आदित्य पासवान निवासी बिहार के साथ हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि आदित्य ने गुस्से में आकर कमरे में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से सोमनाथ के गले पर वार कर दिया। घायल सोमनाथ को तत्काल एम्बुलेंस से पनागर अस्पताल ले जाया गया था वहाँ उपचार के दौरान वह अचानक पलंग से गिर गया था जिससे गले की चोट से अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया था जहाँ रात करीब 11:30 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। शुरुआत में मामला मर्ग जांच में था, लेकिन मेडिकल अस्पताल से मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। रिपोर्ट के अनुसार शार्प पेनिट्रेटिंग ऑब्जेक्ट (नुकीले हथियार) से वार करने के कारण सोमनाथ के गले की मुख्य नस कट गई थी, जो उसकी मौत का मुख्य कारण बनी। पुलिस ने आरोपी आदित्य कुमार पासवान (19) के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। पुलिस ने इमलई में दबिश दी और आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया।

बदमाशों का उपद्रव, दुकान, गाड़ियों में तोड़फोड़

जबलपुर। मदनमहल थाना अंतर्गत बढई मोहल्ले के सामने बदमाशों ने जमकर उपद्रव मचाते हुए दुकान और गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दुकान संचालिका के बेटे के साथ मारपीट कर दी। वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस के मुताबिक संजू उर्फ मेघा गुप्ता 45 वर्ष निवासी बढई मोहल्ला मदनमहल स्टेशन रोड ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह चाय दुकान चलाती है। बीती रात 12:15 बजे दुकान बंद कर अपने बेटे के साथ घर जा रही थी बढई मोहल्ले के सामने निक्की, किशन, शिवम चौधरी मिले जो बोले तुम लोगों की दुकान चलने से हम लोगों का धंधा नहीं चल रहा है ऐसा कहते हुये विवाद करने लगे बेटे द्वारा विरोध करने पर बेट अमन के साथ विवाद करते हुये हाथ घूसों से मारपीट की। तवा उठाकर मारने

दौडे, डर के कारण हम सभी घर चले गये एवं दुकान के लगे सीसीटीव्ही को चैक किया तो 4 लडके दुकान के सामने रखी तंदूर भट्टी , बल्फव अन्य में तोड़फोड़ कर दिया बाद में अमृतुल्य में जाकर तोड़फोड़ करने की कोशिश की चारो मनोहर चाय दुकान में खडी गाडियों मे तोड़फोड़ कर गाडियों को नाले में धकेल दिये।

बारात में बग्घी वाले को मारा चाकू

गढ़ा थाना अंतर्गत पिसनहारी मढिया में एक बारात के दौरान उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब शराब पीने एक हजार रूपए देने से मना करने पर बदमाश ने बग घी वाले को चाकू मार दिया। पुलिस के मुताबिक समीर खान 35 वर्ष निवासी अंधमूक बाईपास नहर के किनारे ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह घोडा बग्घी का काम करता है। रात 10 बजे पिसनहारी मढिया में बारात लगा रहा था तभी फरीद खान आया और उससे शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगा उसने रूपये देने से मना किया तो चाकू से हमला कर जांघ मे चोट पहुंचा दिया एवं रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

अभियान | लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया शुरू, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

हेलमेट नहीं तो चालान तय, विशेष अभियान शुरू

नवभारत, जबलपुर। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है। यह अभियान 26 अप्रैल 2026 से 10 मई 2026 तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। आंकड़ों के अनुसार, सड़क हादसों में लगभग 50 प्रतिशत मृतक दोपहिया वाहन चालक होते हैं, जिनमें अधिकांश ने हेलमेट नहीं पहना होता। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर जबलपुर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने अभियान को प्रभावी बनाने के

लिए पीओएस मशीन के माध्यम से अधिक से अधिक चालानी कार्रवाई करने और नियम तोड़ने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु परिवहन विभाग को प्रकरण भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए जागरूकता फैलाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

109 वाहनों पर 32,700 का जुर्माना

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी के निर्देशन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों—जसूजा सिटी, महाराजपुर फॉरेस्ट नाका और पाटन बायपास—में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई करते हुए 109 वाहनों पर चालान किया गया और कुल 32,700 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। वहीं, 19 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के लिए प्रकरण परिवहन विभाग को भेजे गए।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही

इसके अलावा, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी सख्ती दिखाई गई। ब्रीथ एनालाइजर से जांच कर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत शहर में 11 और बरगी टोल प्लाजा पर एनएचएआई टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई में 2 प्रकरण दर्ज किए गए। कुल 13 मामलों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।